बरेली, शनिवार
5 अप्रैल, 2025

नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 20+4=24

# दैनिक जागरण

PAGE NO : 04 BOTTOM


# रोमांचक फाइनल में पैरामेडिकल ने सीईटी को हराया

जागरण संवाददाता, बरेली : एसआरएमएस सीईटी (कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी) को 39 रन से हराकर एसआरएमएस आइपीएस (इंस्टीट्यूट आफ पैरामेडिकल) की टीम ने एसआरएमएस इंटर ट्रस्ट क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। शुक्रवार को फाइनल मैच में सीईटी पर इस जीत के साथ आइपीएस ने नाक आउट मैच में सीईटी से पांच विकेट से मिली हार का बदला भी ले लिया। चार विकेट लेने वाले आइपीएस के गेंदबाज फरमान मैन आफ द मैच बने। टूर्नामेंट में 85 रन बनाने के साथ नौ विकेट लेने वाले सीईटी के खिलाड़ी सूर्य प्रताप सिंह मैन आफ द टूर्नामेंट बने।

चार मैच में 102 रन बनाने वाले आइपीएस के बल्लेबाज मुहम्मद कैफ को बैट्समैन आफ द टूर्नामेंट, चार मैच में 11 विकेट लेने वाले सीईटी के गेंदबाज मुहम्मद अदनान अंसारी को बालर आफ द टूर्नामेंट की ट्राफी मिली।



विजेता ट्राफी के साथ एसआरएमएस आइपीएस की टीम • सौ.-संस्थान

चार मैचों में छह कैच लेने वाले पैरामेडिकल के फरमान को फील्डर आफ द टूर्नामेंट का खिताब दिया गया। टूर्नामेंट में एसआरएमएस ट्रस्ट के कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी, इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज, इंस्टीट्यूट आफ पैरामेडिकल की टीमों के साथ कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी एंड रिसर्च व कालेज आफ नर्सिंग की संयुक्त टीम ने हिस्सा लिया। सीईटी के कप्तान रोहित गंगवार ने टास जीतकर आइपीएस को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 149 रन बनाए। इसमें कैफ जूनियर ने 27 रन, कप्तान कैफ ने 30 रन, मोज्जम अहमद 27 रन, मोहित राजपूत ने 15 रन बनाया। जीत के लिए 150 रन का पीछा करने उतरी सीईटी की पूरी टीम 18.2 ओवर में 110 रन ही बना सकी। आइपीएस ने 39 रन से फाइनल मैच जीत कर एसआरएमएस इंटर ट्रस्ट क्रिकेट टूर्नामेंट में चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

सीईटी की ओर से आकाश ने नाबाद 26 रन की पारी खेली और हर्षित शर्मा 18 रन बनाया। टूर्नामेंट में एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, ट्रस्ट सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, सीईटी के प्रिंसिपल डा. प्रभाकर गुप्ता, आइएमएस के प्रिंसिपल एयरमार्शल (सेवानिवृत्त) डा. एमएस बुटोला ने आइपीएस के कप्तान कैफ को चैंपियन ट्राफी प्रदान की।